www.BankExamsToday.Com

# Hindi GK Digest: February 2017

Ramandeep Singh
2/4/2017

## गार 1 अप्रैल 2017 से लागू होगा

- वित्त मंत्रालय ने कहा है कि जनरल एंटी अवायडेंस रूल्स-गार (GAAR) 1 अप्रैल 2017 से लागू कर दिया जाएगा
- गार अर्थात जनरल एंटी अवॉयडेंस रूल्स नियमों का एक ऐसा समूह है जिसके तहत कानून बनाया जाएगा कि जो भी विदेशी कंपनी भारत में निवेश करें, वो यहां के टैक्स नियमों के मुताबिक ही टैक्स अदा करें.
- गार के लागू होने से टैक्स अधिकारी टैक्स हैवन देशों में कंपनियां खोलकर या अन्य कंपनियों के जरिए टैक्स एडवांटेज लेने वाले लोगों की रोकथाम कर पाएंगे.
- गार की शुरुआत 2 चरणों में की जाएगी. पहला चरण, आयकर के मुख्य आयकर आयुक्त के स्तर पर और दूसरा हाईकोर्ट के न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली समिति की ओर से होगा.

## भारत के सुपर कंप्यूटर के जनक डॉ विजय भटकर नालंदा विश्वविद्यालय के तीसरे कुलपति बने

- भारत में सुपर कंप्यूटर के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले कंप्यूटर वैज्ञानिक डॉ विजय भटकर को नालंदा विश्वविद्यालय का नया कुलपति बनाया गया है.
- शुक्रवार को राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने डॉ भटकर की नियुक्ति को मंजूरी दे दी.
- डॉ विजय भटकर दिल्ली स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष हैं. इसके अलावा वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संगठन विज्ञान भारती के प्रमुख भी हैं जो स्वदेशी विज्ञान को बढ़ावा देने से जुड़ा है.

## अबुल हुसैन ने कोलकाता मैराथन जीती

- सिलीगुड़ी के अबुल हुसैन ने रविवार को कोलकाता मैराथन जीती जिसमें उत्तर बंगाल और पूर्वोत्तर भारत के धावक छाये रहे।
- हुसैन ने दो घंटे 34 मिनट दो सेकंड का समय लेकर यह दौड़ जीती।
- कोलकाता के विश्वनाथ पाल उनसे पांच मिनट पीछे रहकर दूसरे स्थान पर रहे। पारितोष राय ने दो घंटे 52 मिनट 48 सेकंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया।
- सिक्किम की मंगाली तमांग ने महिलाओं की हाफ मैराथन जीती। उन्होंने एक घंटे 31 मिनट 13 सेकंड का समय निकाला। मेघालय की कांतिमोन मारवेन दूसरे और उनकी छोटी बहन दातेईबैंकीनमा तीसरे स्थान पर रही।
- दिग्गज भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर ने दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया।

## तेजस को खारिज करने के बाद भारतीय नौसेना ने 57 लड़ाकू विमानों के लिए अनुरोध जारी किया

- स्वदेश निर्मित हल्के लड़ाकू विमान 'तेजस' को काफी भारी बताते हुए खारिज करने के बाद नौसेना ने अपने विमान वाहक पोत के लिए 57 बहुद्देश्यीय लड़ाकू विमान खरीदने को लेकर सूचनाएं मंगाई हैं
- नौसेना प्रमुख एडमिरल सुनील लांबा ने पिछले महीने कहा था कि मौजूदा हल्का लड़ाकू विमान तेजस नौसेना के विमान वाहक पोत की जरूरत के अनुकूल नहीं है.
- भारत को फ्रांस से राफेल लड़ाकू विमानों की पहली खेप अगले तीन साल में मिलेगी.

## हुबली में बनेगा देश का सबसे बड़ा स्टार्टअप केंद्र

- सितंबर में धारवाड़ जिले के इस शहर में देश के सबसे बड़े स्टार्ट अप केंद्र के शुरू होने की उम्मीद है
- बेंगलुरु से करीब 400 किलोमीटर दूर यह केंद्र 82 हजार वर्ग फुट में होगा
- देश का सबसे बड़ा टेक्निकल हब तेलंगाना में 70 हजार वर्ग फुट में है।
- इस केंद्र में 3डी प्रिंटिंग लैब, इंटरनेट लैब और मेकर्स लैब की सुविधा भी होगी। यहां मुख्य रूप से उत्पादन और कृषि में युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।

**भारतीय डाक को भुगतान बैंक के कारोबार का लाइसेंस मिला**

- भारतीय डाक को भारतीय रिजर्व बैंक से भुगतान बैंक का व्यवसाय शुरू करने का लाइसेंस मिल गया है।
- भारती और पेटीएम के बाद भारतीय डाक भुगतान बैंक वह तीसरा कारोबारी संगठन है जिसे भुगतान बैंक सेवा कारोबार शुरू करने का लाइसेंस दिया गया है।
- रिजर्व बैंक ने भुगतान बैंकों को एक व्यक्ति या कारोबारी इकाई से ज्यादा से ज्यादा एक लाख रूपए तक की जमा राशियां स्वीकार करने की छूट दी है।
- ये बैंक छोटी राशि की जमाएं लेने और पैसा हस्तांतरित करने जैसी सेवाएं देंगे। ये इंटरनेट बैंकिंग और कुछ अन्य विनिर्दिष्ट सेवाएं भी दे सकेंगे।

**'ओआरएफ' भारत में शीर्ष थिंक टैंक : वैश्विक रिपोर्ट**

- दिल्ली आधारित 'आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन' भारत के शीर्ष थिंक टैंक के तौर पर उभरा है।
- एक वैश्विक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। एशिया क्षेत्र श्रेणी में ओआरएफ को 90 थिंक टैंकों की सूची में पांचवां स्थान दिया गया है।
- ग्लोबल गो टू थिंक टैंक इंडेक्स रिपोर्ट' के मुताबिक चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया श्रेणी में ओआरएफ ने शीर्ष स्थान हासिल किया है।
- आरएफ ने एक बयान में कहा है कि आईडीएसए सातवें सर्वश्रेष्ठ स्थान पर, सेंटर फॉर सिविल सोसाइटी 15वें, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च 18वें, आईसीआरआईईआर 21वें, सीएसडीएस 36वें, टेरी 34वें, सेंटर फॉर साइंस एंड इनवायरोनमेंट 66वें और ब्रूकिंग्स इंडिया को 75वां स्थान दिया गया है।

**ब्रहमपुत्र साहित्य समारोह गुवाहाटी में शुरू**

- केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने 28 जनवरी 2017 को गुवाहाटी में ब्रहमपुत्र साहित्यिक महोत्सव का उद्‌घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया।
- इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल भी मौजूद थे।

**खेल मंत्री श्री विजय गोयल ने टीओपी योजना के तहत एथलीटों की पहचान के लिए समिति का पुनर्गठन किया**

- युवा मामलों और खेल मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री विजय गोयल ने "टारगेट ओलंपिक पोडियम" (टीओपी) समितिका पुनर्गठन किया है।
- इसका उद्देश्य ऐसे एथलीटों की पहचान करना और उनका समर्थन करना है जिनकी 2020 और 2024 ओलंपिक खेलों में पदक जीतने की संभावना है।
- समिति शानदार एथलीटों का चयन करेगी जिन्हेंप्रशिक्षण देने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी।

नर्गठित समिति का स्वरूप इस प्रकार है –

| 1 | **श्री अभिनव बिंद्रा, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता** | **अध्यक्ष** |
|---|---|---|
| 2 | श्री अनिल खन्ना, खेल प्रशासक | सदस्य |
| 3 | श्री प्रकाश पादुकोण, प्रख्यात पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी और कोच | सदस्य |
| 4 | सुश्री कर्णम मल्लेश्वरी, ओलंपिक पदक विजेता (कांस्य / भारोत्तोलन) | सदस्य |
| 5 | सुश्री पी टी उषा, प्रख्यात ओलंपियन | सदस्य |
| 6 | श्री मुरलीधर राजा, अध्यक्ष, खेल प्रशासक | सदस्य |
| 7 | सुश्री अंजलि भागवत, प्रसिद्ध निशानेबाज | सदस्य |
| 8 | सुश्री रेखा यादव, सचिव रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड | सदस्य |
| 9 | डॉ एसएस राय, प्रवर्तन निदेशालय (टीमों) | सदस्य |
| 10 | श्री इंदर धमीजा, संयुक्त सचिव (खेल) | सदस्य सचिव |

स्टेज इंजन है।

## इसरो ने जीएसएलवी एमके-3 रॉकेट के लिए क्रायोजेनिक इंजन का परीक्षण किया

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ज्यादा क्षमता वाले स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन का सफल परीक्षण किया है।
- रॉकेट 'जीएसएलवी एमके 3' की लांचिंग की दिशा में यह बड़ी उपलब्धि है। इस रॉकेट को इसी तिमाही में लांच किया जाना है।
- जीएसएलवी एमके 3' को अगली पीढ़ी का लांचर माना जा रहा है।
- इसकी क्षमता चार टन तक के वजन के साथ सेटेलाइट को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में पहुंचाने की है।
- क्रायोजेनिक अपर स्टेज सी-25 इंजन का यह परीक्षण तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में किया गया।
- यह परीक्षण 50 सेकेंड का था। इसके बाद 640 सेकेंड का दूसरा परीक्षण किया जाना है। सी-25 इसरो द्वारा बनाया गया सर्वाधिक क्षमता वाला अपर

## सूर्य नमस्कार को अमेरिकी कांग्रेस में मान्यता मिली

- सूर्य नमस्कार यज्ञ या हेल्थ फॉर हयूमेनिटी योगाशन को इसके 10वें सालगिरह के मौके पर अमेरिकी कांग्रेस में मान्यता मिल गई है।
- इलिनॉयस के सांसद बिल फोस्टर ने सदन में कहा कि माननीय अध्यक्ष, मैं यहां हिंदू स्वयंसेवक संघ के 10वें हेल्थ फॉर हयूमेनिटी योगाशन या सूर्य नमस्कार यज्ञ को मान्यता देने के लिए खड़ा हूं।
- जिसमें आसानी से सांस लेने की तकनीक सिखाई जाती है जो कि शरीर और मानसिक स्वास्थ्य को काफी लाभ पहुंचाता है।

## पीएम नरेंद्र मोदी ने अबूधाबी के शहजादे की हवाईअड्डे पर खुद अगवानी की

- संयुक्त अरब अमीरात के साथ भारत के संबंधों को तरजीह देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यक्तिगत रूप से दिल्ली हवाईअड्डे पर जाकर अबूधाबी के शहजादे मोहम्मद बिन जायद अल नहयान की अगवानी की

- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता विकास स्वरूप ने दोनों नेताओं की तस्वीरों के साथ ट्वीट कर कहा, 'विशेष अतिथि का विशिष्ट स्वागत! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अबूधाबी के शहजादे महामहिम मोहम्मद बिन जायद की अगवानी की।'
- यह डील भारत सरकार रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व सिस्टम का हिस्सा है. इस सिस्टम के तहत 36.87 मिलियन बैरल कच्चे तेल को स्टोर किया जा सकेगा. जो देश की औसत दैनिक तेल की मांग है. इसे आपातकालीन स्थिति में 10 दिन तक देश की औसत तेल की आपूर्ति कर सकते हैं.
- UAE की अबु धाबी नैशनल ऑइल कंपनी (ADNOC) मंगलुरु में 6 मिलियन बैरल ऑइल को स्टोर करेगी. इस साइट पर कुल स्टोरेज की क्षमता का यह आधा हिस्सा होगा.

**हैदराबाद में अंतर्राष्ट्रीय टेलीविजन नृत्य महोत्सव की मेजबानी प्रसार भारती कर रहा है**

- एशिया-प्रशांत ब्रॉडकास्टिंग यूनियन (ABU) के अंतर्राष्ट्रीय टेलीविजन नृत्य महोत्सव का पहला संस्करण 15 जनवरी 2017 को कला, साहित्य और वास्तुकला को शाही संरक्षण देने वाले शहर हैदराबाद में शुरू हुआ।
- इस नृत्य महोत्सव की अवधारणा सांस्कृतिक जंजीरों को तोड़ते हुए, दुनिया भर की विविधताओं को सुर्ख़ियों में लाना है।इस महोत्सव की मेजबानी प्रसार भारती कर रहा है।

**अशोक चक्र पाने वाले जांबाज हंगपन दादा को सन्मानित किया**

- कश्मीर के नौगाम सेक्टर में पाकिस्तान की तरफ से घुसपैठ का प्रयास कर रहे चार आतंकवादियों का बहादुरी से सामना कर उन्हें मार गिराने वाले शहीद हवलदार हंगपन दादा को गणतंत्र दिवस पर मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया गया.
- गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि अबू धाबी के राजकुमार मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस भावुक क्षण के गवाह रहे. राष्ट्रपति ने इस शहीद जवान के साहस को सलामी दी.

**पहली बार राजपथ पर दिखी यूएई सेना की टुकड़ी, 149 जवानों ने लिया परेड में हिस्सा**

- संयुक्त अरब अमीरात के 149 सदस्यीय सैन्य दल ने गुरुवार को भारत के गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया।
- इस मौके पर अबू धाबी के राजकुमार मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।
- उन्होंने भारतीय राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को औपचारिक सलामी भी दी।
- इस दल में यूएई के राष्ट्रपति गार्ड, वायु सेना, नौसेना, थल सेना के 149 सैनिक और 35 संगीतकार शामिल थे।
- परेड में यूएई के सैनिकों की एक टुकड़ी ने अपने देश के ध्वज के साथ हिस्सा लिया।
- भारत के 68वें गणतंत्र दिवस पर विश्व की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलिफा पर भारतीय तिरंगा देखने को मिला।

**रिपब्लिक डे परेड में नजर आएगा तेजस**

- गणतंत्र दिवस पर इस बार होने वाली परेड थोड़ी अलग होगी। इस साल पहली बार लड़ाकू विमान तेजस यहां की परेड में शामिल होगा।
- इसके साथ ही और भी कई दूसरे लड़ाकू विमान यहां पर अपने शौर्य का प्रदर्शन करेगें।
- 1980 और 1990 के दशक के मारूत लड़ाकू विमान के बाद से अब यह स्वदेशी लड़ाकू विमान इसमें शामिल हो रहा है।
- इतना ही नहीं इसमें एमआई 17 हेलीकॉप्टर, सुखोई एसयू 30 लड़ाकू विमान, हल्के हेलीकॉप्टर रूद्र और सैन्य परिवहन विमान सी 17 ग्लोब मास्टर भी शामिल होंगे।

## रक्षामंत्री मनोहर पर्रिकर ने NCC कैडेट्स को किया सम्मानित

- रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स को रक्षा मंत्री पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।
- इस अवसर पर सेना, नौसेना और वायु सेना ने रक्षा मंत्री के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर दिया।
- रक्षा मंत्री पदक 1989 से दिया जा रहा है और उसके बाद से यह सबसे योग्य कैडेटों को बहादुरी और असाधारण सेवा के लिए दिया जाता है।
- इस साल रक्षा मंत्री पदक के लिए राजस्थान निदेशालय की कंपनी के प्रियंका मिश्रा को रक्षा मंत्री प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

## गणतंत्र दिवस: 26 जनवरी

- भारत में वर्ष 2017 का गणतंत्र दिवस 26 जनवरी गुरूवार को मनाया गया
- इस साल 2017 में भारत अपना 68वाँ गणतंत्र दिवस मना रहा है।
- भारत ने अपना पहला गणतंत्र दिवस 1950 में मनाया था।
- भारत के 68वें गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर अबु धाबी के क्राउन प्रिंस को आमंत्रित किया गया था
- स्किल इंडिया (कौशल विकास) और बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ, 68वाँ गणतंत्र दिवस झांकी के मुख्य बिषय हैं।
- यूएइ की सेना भी गणतंत्र दिवस परेड में पहली बार भाग लेगी। फ्रांस के बाद यूएइ दूसरा देश है जिसकी सेना परेड में भाग ले रही है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस : 25 जनवरी

- भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है।
- इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है।
- इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। भारत में जितने भी चुनाव होते हैं, उनको निष्पक्षता से संपन्न कराने की जिम्मेदारी 'भारत निर्वाचन आयोग' की होती है।

## आईसीसी ने महिला विश्व कप क्वालीफायर के अंपायरिंग पैनल में चार महिलाओं को जगह दी

- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अगले महीने होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप

क्वालीफायर 2017 के नौ अंपायरों के पैनल के चार महिलाओं को भी जगह दी है।

- न्यूजीलैंड की अनुभवी कैथलीन क्रास महिला अंपायरों के उस समूह की अगुआई करेंगी जिन सभी को अंतरराष्ट्रीय अनुभव हासिल है और आईसीसी भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए उन्हें निखार रहा है।
- वर्ष 2014 में एसोसिएट और एफीलिएट पैनल के साथ आईसीसी के अंपायर पैनल में जगह बनाने वाली पहली महिला क्रास चार महिला अधिकारियों में सबसे अनुभवी हैं।
- अन्य महिला अंपायरों में इंग्लैंड की स्यू रेडफर्न, ऑस्ट्रेलिया की क्लेयर पोलोसाक और वेस्टइंडीज की जैकलीन विलियम्स शामिल है।

**एआईएफएफ ने लांच की महिला फुटबाल लीग**

- ई दिल्ली, 24 जनवरी अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने मंगलवार को पहली महिला पेशेवर लीग (आईडब्ल्यूएल) की शुरुआत की घोषणा की।
- एआईएफएफ के अध्यक्ष प्रफुल पटेल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा करते हुए कहा कि दो सप्ताह तक चलने वाली इस महिला लीग को देश में महिला फुटबाल के नए युग का आगमन माना जा रहा है
- इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली छह टीमें एफसी अलखपुरा (हरियाणा), जेपियार प्रोद्यौगिक संस्थान एफसी (पुदुचेरी), आईजॉल एफसी (मिजोरम), पुणे सिटी एफसी (महाराष्ट्र), राइजिंग स्टूडेंट क्लब (ओडिशा) और ईस्टर्न स्पोर्टिंग यूनियन (मणिपुर) हैं।

**जापान ने लांच किया नया संचार उपग्रह**

- समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, जापान एरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) और मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीस लिमिटेड ने एक्स-बैंड किरामेकी-2 उपग्रह को कागोशिमा प्रांत में स्थित तनेगासिमा अंतरिक्ष केंद्र से एच2ए रॉकेट के साथ लांच कर दिया है।
- एक्स बैंड प्रौद्योगिकी से युक्त किरामेकी-2 तीन रक्षा उपग्रहों में से एक है, जो एसडीएफ द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे तीन निजी उपग्रहों का स्थान लेंगे।
- वर्तमान में मंत्रालय निजी कंपनियों द्वारा लांच किए गए तीन संचार उपग्रहों का इस्तेमाल कर रहा है, जिसमें से दो अपनी संचालन अवधि को पूरा कर चुके हैं।
- यह नया उपग्रह उन्नत संचार क्षमताओं से युक्त है, जो उच्च गति से बड़ी मात्रा में डेटा के आदान-प्रदान की सुविधा देगा।

**मॉरीशस में भारतीय मूल के प्रधानमंत्री पद से हटे**

- मॉरीशस के भारतीय मूल के प्रधानमंत्री सर अनिरूद्ध जगन्नाथ ने सोमवार को सत्ता अपने बेटे प्रविंद को सौंप दी,
- जगन्नाथ 86 ने राष्ट्रपति अमीना गुरीब फाकिम को अपना इस्तीफा सौंपा, हालांकि उनका कार्यकाल 2019 में पूरा होने वाला था।
- बाद में उनके बेटे प्रविंद(55) को प्रधानमंत्री नामित करने वाला पत्र सौंपा गया।

- मॉरीशस राजनीतिक स्थिरता वाला देश रहा है, लेकिन जगन्नाथ की ओर से बेटे को सत्ता सौंपे जाने के बाद उथल-पुथल पैदा हुई है।
- प्रविंद फिलहाल वित्त मंत्री और 'मिलिटेंट सोशलिस्ट मूवमेंट' एमएसएम के नेता भी हैं।

**नीता अंबानी न्यूयॉर्क में मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट से सम्मानित**

- रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं अध्यक्ष श्रीमती नीता अंबानी को न्यूयॉर्क में प्रतिष्ठित मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट (द मेट) द्वारा सम्मानित किया गया है
- यह विशेष सम्मान श्रीमती अंबानी के शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य, ग्रामीण परिवर्तन, शहरी नवीकरण, आपदा प्रतिक्रिया, महिला सशक्तिकरण और कला के संवर्धन के क्षेत्र में परोपकारी कार्य को सम्मानित करने के लिए दिया गया है
- इस सम्मान को प्राप्त करने वाली वे पहली दक्षिण एशियाई व्यक्ति हैं.
- मेट श्रीमती अंबानी की अगुवाई में रिलायंस फाउंडेशन के द्वारा किए गए कार्य की विविधता एवं परिणाम से सबसे अधिक प्रभावित था
- इस फाउंडेशन के द्वारा भारतीय कला को मिलने वाला समर्थन और इसे विश्वस्तर पर ले जाने की आकांक्षा श्रीमती अंबानी के व्यक्तिगत जूनून की ही देन है.

**साल 2017 के लिए पद्म पुरस्कार घोषित, विराट, दीप, साक्षी समेत इनको मिलेगा पद्मश्री .......**

- साल 2017 के लिए पद्म सम्मान के नामों की घोषणा हो गयी है। क्रिकेटर विराट कोहली के साथ-साथ दीपा कर्माकर और साक्षी मलिक का नाम पद्मश्री से सम्मानित होने वाले लोगों में शामिल है।
- साथ ही गायक कैलाश खेर, सिंगर अनुराधा पौडवाल, कंवल सिब्बल, जानी मानी फिल्म पत्रकार भावना सोमैया, हिन्दी लेखक नरेंद्र कोहली, शेफ संजीव कपूर, डिस्कस थ्रोवर विकास गौड़ा और काशीनाथ पंडित को भी पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।
- पद्म पुरस्कार भारत सरकार की ओर से आम तौर पर सिर्फ भारतीय नागरिकों को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, कला, उद्योग, विज्ञान, साहित्य, चिकित्सा, खेल, सार्वजनिक जीवन और समाज सेवा आदि में उनके योगदान के लिए सम्मानित करने के लिए दिया जाता है।

**24 जनवरी : राष्ट्रीय बालिका दिवस**

- राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी को मनाया जाता है। 24 जनवरी के दिन इंदिरा गांधी को नारी शक्ति के रूप में याद किया जाता है।
- आज की बालिका जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है चाहे वो क्षेत्र खेल हो या राजनीति, घर हो या उद्योग।
- राष्ट्रमण्डल खेलों के गोल्ड मैडल हो या मुख्यमंत्री और राष्ट्रपति के पद पर आसीन होकर देश सेवा करने का काम हो सभी क्षेत्रों में लड़कियाँ समान रूप से भागीदारी ले रही है
- आज हज़ारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है या जन्म लेते ही लावारिस छोड़ दिया जाता है।

- आज भी समाज में कई घर ऐसे हैं, जहाँ बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जा रही है।
- कन्या भ्रूण हत्या की वजह से लड़कियों के अनुपात में काफ़ी कमी आयी है। पूरे देश में लिंगानुपात 933:1000 है।

## टी-हब ने Esri India के सहयोग से 'GIS Innovation Hub' लांच किया

- स्टार्ट-अप इंजन को उत्प्रेरित करने वाले इनोवेशन टी-हब ने, स्टार्टअप्स के लिए 'GIS Innovation Hub' (GIH) के लांच की घोषणा की.
- GIH, भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सॉफ्टवेयर और समाधान प्रदाता, ESRI भारत द्वारा संचालित है.
- इस सुविधा का उद्घाटन Esri Inc. के सह-संस्थापक, प्रेसिडेंट और सीईओ जैक डेंजरमंड द्वारा किया गया.

## असम के सीएम ने असम में अटल-अमृत अभियान की शुरुआत की

- असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने **'अटल-अमृत अभियान' योजना** की शुरुआत की.
- यह योजना है जो छह रोगों के लिए व्यापक कवरेज देगा
- इस योजना के तहत 437 बीमारियों को रखा गया है.
- उन सभी पात्र परिवारों, जिनकी वार्षिक आय 5 लाख से कम है, के सभी व्यक्तियों को कवर देगा.

## सिद्धार्थ मुरारका ICSI के नए चेयरमैन

- सिद्धार्थ मुरारका को 19 जनवरी, 2017 से इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंपनीज सेक्रेटरीज ऑफ़ इंडिया (आईसीएसआई) के पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है.
- अपनी प्रैक्टिस से पहले PwC की एक मेम्बर फर्म में जोखिम प्रबंधन और अनुपालन विभाग के प्रमुख थे
- मुरारका ICAI और अन्य पेशेवर निकायों एवं चैम्बर्स ऑफ़ कॉमर्स जैसे मर्चेंट चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एवं बीसीसीआई में नियमित फैकल्टी हैं.

## अमेरिकी संचार आयोग के प्रमुख बन सकते हैं अजीत पई

- अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पई से मुलाकात ने इन अटकलों को हवा दी है। पई फिलहाल एफसीसी में आयुक्त हैं।
- ट्रंप ने 16 जनवरी को पई से मुलाकात की थी।
- पई फेडरल कम्यूनिकेशन्स कमीशन (एफसीसी) में काम करने वाले वरिष्ठ रिपब्लिकन हैं
- राष्ट्रपति ट्रंप के 20 जनवरी को राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद पई को एफसीसी का अंतरिम प्रमुख बनाए जाने की काफी संभावना है।
- संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के लिए नामित निकी हेली किसी भी राष्ट्रपति प्रशासन में सबसे उच्च पद प्राप्त करने वाली भारतीय अमेरिकी हैं।

## Ola के चीफ अॉपरेटिंग ऑफिसर बने विशाल कौल

- परिवहन के लिए मोबाइल ऐप ओला ने आज विशाल कौल को अपना चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर नियुक्त करने का ऐलान किया है।
- सीओओ के रूप में विशाल ओला में ऑपरेशन्स का नेतृत्व करेंगे

- वे लाखों भारतीयों को परिवहन के सुविधाजनक साधन मुहैया कराने के ओला के मिशन के मद्देनजर उपभोक्ता एवं ड्राइवर समुदाय के विस्तार में योगदान देंगे।

**हांगकांग ने भारतीयों के लिए वीजा मुक्त सुविधा वापस ली**

- भारतीय यात्रियाें को करारा झटका देते हुए हांगकांग ने भारतीयाें के लिए मुक्त वीजा सुविधा वापस ले ली है।
- भारतीय नागरिकों के लिए आगमन पूर्व पंजीकरण 23 जनवरी को लागू होगा।
- भारतीय नागरिकों को साथ ही हवाईअड्डा ट्रांजिट क्षेत्र नहीं छोड़ने वालों को भी आगमन पूर्व पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी। उन्हें यहां आने से पूर्व ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा

**नेताजी की जयंती देशप्रेम दिवस के रूप में मनाई**

- कपल क्लब की ओर से नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 80वीं जयंती के उपलक्ष्य में समारोह देश प्रेम दिवस के रूप में मनाया गया
- गायिका डाॅ सुमन सोनी ने एक से बढ़ एक बेहतरीन देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी
- इस अवसर पर डॉ सुमन सोनी के गाए गीतों के एलबम मेरे वतन के लोगों जरा याद करो कुर्बानी' को सभी उपस्थित छात्रों को भेंट किया गया।

**पढ़ने और गणित हल करने में हिमाचल नंबर 1**

- शिक्षा पर वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (ASER) 2016 में पाया गया कि दूसरे राज्यों के मुकाबले हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रयास कर रहा है.
- हिमाचल प्रदेश में पढ़ने और गणित की समझ का स्तर सबसे ज्यादा पाया गया. इस मामले में हिमाचल ने केरल को भी पीछे छोड़ दिया है,
- एएसईआर की रिपोर्ट के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में दूसरी कक्षा के ऐसे बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा पाई गई, जो क्लास की किताबें पढ़ने में सक्षम हैं.
- जबकि, कक्षा 3 के 47 फीसदी छात्र, पांचवी के 70.5 और आठवीं के 87.9 प्रतिशत छात्र अपनी किताबें पढ़ सकते हैं.
- 5th और 8th class के छात्रों में गणित की समझ दूसरे राज्यों की तुलना में बेहतर पाया गया. यह क्रमश: 53.7 और 59.2 प्रतिशत है.
- हिमाचल के शहर और गांव का लगभग हर बच्चा स्कूल जाता है.

**नागपुर, सिकंदराबाद के बीच 200 किलोमीटर की स्पीड पर ट्रेन चलाने के लिए रूस ने दिए सुझाव**

- रूस ने हाई स्पीड कारिडोर बनाने के लिए इस रेल लाइन की 2 मीटर ऊंची फेंसिंग करने की सलाह दी है
- रेल लाइन के नीचे की जमीन को 40 सेंटीमीटर मोटी कंक्रीट की चादर से ढकने की भी जरूरत बताई गई है
- रूसी विशेषज्ञों ने कहा की नागपुर और सिकंदराबाद के बीच पूरी रेलवे लाइन में आमूलचूल परिवर्तन की जरूरत है.
- इस रेलवे लाइन को 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन चलाने के लिए कई चीजों में परिवर्तन जरुरी है

### हांगकांग ने भारतीयों के लिए वीजा मुक्त सुविधा वापस ली

- भारतीय यात्रियाें को करारा झटका देते हुए हांगकांग ने भारतीयाें के लिए मुक्त वीजा सुविधा वापस ले ली है।
- भारतीय नागरिकों के लिए आगमन पूर्व पंजीकरण 23 जनवरी को लागू होगा।
- भारतीय नागरिकों को साथ ही हवाईअड्डा ट्रांजिट क्षेत्र नहीं छोड़ने वालों को भी आगमन पूर्व पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी। उन्हें यहां आने से पूर्व ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा।

### पीएनबी ने पेश किया कांटेक्टलेस क्रेडिट कार्ड

- सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने डिजिटिकरण की ओर बढते हुये आज पीएनबी वेव एन पे – कांटेक्टलेस कार्ड नाम से नया क्रेडिट कार्ड पेश किया।
- यह क्रेडिट कार्ड बहुत सुविधाजनक है।
- इस कार्ड को केवल टर्मिनल से टच करने पर ही लेनदेन की प्रक्रिया पूरी हो जाती है
- रुपए 2000 तक के लेनदेन के लिए पिन की जरूरत नहीं है।

### हिमाचल ओलंपिक संघ के अध्यक्ष चुने गए अनुराग ठाकुर

- उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद बीसीसीआई अध्यक्ष पद से बर्खास्त हुए अनुराग ठाकुर को आज सर्वसम्मति से चार साल के कार्यकाल के लिए हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ (एचपीओए) का अध्यक्ष चुना गया.
- चुनाव के लिए निर्वाण मुखर्जी भारतीय ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक थे.
- चुनाव के लिए सूरत सिंह ठाकुर को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया था.

### IPPB Officers Scale I 2016 परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी

- भारतीय डाक भुगतान बैंक ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट indiapost.gov.in पर ऑफिसर स्केल I परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है.
- परीक्षा 7 जनवरी और 8 जनवरी, 2017 को आयोजित होगी.
- जिस्ट्रेशन नंबर/रोल नंबर और पासवर्ड (DD-MM-YY फार्मेट में जन्मतिथि) के साथ लॉग-इन करें.
- कॉल लेटर आपकी स्क्रीन पर होगा.
- उम्मीदवारों का चयन प्री, मेन परीक्षा और इंटरव्यू के आधार पर होगा.

### मिजोरम में उद्यमिता विकास योजना का शुभारंभ

- मिजोरम के मुख्य सचिव लालमल सवमा ने नई आर्थिक विकास नीति (NEDP) के अंतर्गत उद्यमिता विकास योजना (EDS) का उद्घाटन किया
- लालमल सवमा ने कहा कि राज्य सरकार उद्यमिता विकास को उच्च प्राथमिकता देती है
- और चालू वित्तीय वर्ष में NEDP के अंतर्गत 2 करोड़ रुपये जारी किये हैं।

### अब खुले बाजार में भी मिलेगा केरोसिन ऑयल

- यूपी में इलाहाबाद सहित 16 जिलों में सफेद कैरोसिन ऑयल खुले बाजार में मिलेगा।

- ऑयल कंपनियां सफेद केरोसिन ऑयल की बिक्री थोक विक्रेताओं के माध्यम से करेंगी
- वर्तमान में इसका बाजार मूल्य 60 रुपये प्रति लीटर के आसपास है लेकिन यह किस रेट पर बिकेगा, इसका निर्धारण अभी नहीं हुआ है।
- यूपी में 12 साल पहले खुले बाजार में सफेद केरोसिन ऑयल की बिक्री की जाती थी लेकिन बाद में इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया और सिर्फ सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नीले रंग के केरोसिन ऑयल की बिक्री का निर्णय लिया गया।
- केंद्र सरकार ने यूपी में इलाहाबाद सहित 16 जिलों में सफेद केरोसिन ऑयल की बिक्री की अनुमति दे दी है।

**शुरू हो रहा है 'साहित्य का महाकुम्भ' जयपुर साहित्य महोत्सव**

- राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सदगुरू, गुलजार और एन वाल्डमैन आज पांच दिवसीय जयपुर साहित्य महोत्सव का उद्घाटन करेंगे.
- गुलाबी नगरी के डिग्गी पैलेस में आयोजित हो रहे महोत्सव के उद्घाटन के बाद सदगुरू से जयपुर साहित्य महोत्सव के निदेशक संजय राय उनकी नवीनतम किताब 'इनर इंजीनरिंग-ए योगीज गाइड टू जॉय' के बारे में चर्चा करेंगे.

**पीएम मोदी आज करेंगे 'रायसीना डायलॉग-2017' का उद्घाटन**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भारत के महत्वाकांक्षी भू-राजनीतिक सम्मेलन 'रायसीना डायलॉग' का उद्घाटन करेंगे.
- सम्मेलन में 65 देशों के 250 से भी ज्यादा प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे.
- रायसीना डायलॉग के इस सत्र की थीम 'दि न्यू नॉर्मल: मल्टीलेटरलिज्म विद मल्टी-पोलैरिटी' है.
- इस सम्मेलन के उद्घाटन के लिए एक विशेष समूह होगा, जिसमें भारत के विदेश राज्य मंत्री एम जे अकबर के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री केविन रड, नेपाल के विदेश मंत्री प्रकाश शरण महत, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के अंतरराष्ट्रीय मामलों के सलाहकार गौहर रिजवी और अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई शामिल हैं.

**सीबीआई के नए निदेशक होंगे आलोक कुमार वर्मा**

- केंद्र सरकार ने गुरुवार को दिल्ली के पुलिस आयुक्त आलोक कुमार वर्मा को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का निदेशक नियुक्त किया।
- वर्मा 1979 बैच के अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम एवं केंद्र शासित क्षेत्र (एजीएमयूटी) कैडर के अधिकारी हैं।
- वर्मा की नियुक्ति पदभार ग्रहण करने के बाद से दो वर्ष के लिए हुई है।
- एक पुलिस अधिकारी के तौर पर 36 वर्ष के करियर में वर्मा 24वां पद संभालेंगे।
- दिल्ली पुलिस में 24 दिसंबर, 1979 को सहायक पुलिस आयुक्त (प्रशिक्षु) के रूप में करियर शुरू करने वाले वर्मा सीबीआई के निदेशक पद के सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे थे।

**सर्व शिक्षा अभियान के लिए वेब पोर्टल 'शगुन' का शुभारंभ**

- जावड़ेकर ने 'दिव्यांग बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा हेतु शिक्षकों को तैयार करने के लिए मास्टर ट्रेनर्स हेतु टूलकिट' का भी अनावरण किया।
- इस अवसर पर केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने शिक्षा की 'गुणवत्ता' में सुधार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।
- इस दिशा में मानव संसाधन विकास मंत्रालय सही समझ, गणित, भाषा इत्यादि के संबंध में आवश्यक क्षमताओं के लिए मूल्यांकन मानक तय करने हेतु शिक्षण के परिणामों को संहिताबद्ध करेगा

**बीरेंद्र सिंह यादव घाना गणराज्य के लिए भारत के अगले उच्चायुक्त नियुक्त**

- श्री बीरेंद्र सिंह यादव (भाविसे: 1997), वर्तमान में मंत्रालय में संयुक्त सचिव, घाना गणराज्य के लिए भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किये गये हैं।
- उम्मीद है कि वे शीघ्र ही अपना कार्यभार ग्रहण कर लेंगें।

**प्रियंका चोपड़ा को 'क्वांटिको' के लिए दूसरा पीपल्स च्वाइस अवॉर्ड**

- अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा लगातार दूसरी बार अमेरिकी टीवी सीरीज 'क्वांटिको' के लिए सराही गई हैं।
- 'पीपुल्स च्वाइस अवॉर्ड 2017' में इस सीरीज के लिए 'पसंदीदा नाटकीय टीवी अभिनेत्री' खिताब से नवाजा गया।
- इससे पहले उन्होंने 'क्वांटिको' में अपनी भूमिका के लिए 2016 में 'नए टीवी सीरीज के लिए पसंदीदा अभिनेत्री' का खिताब जीता था।

**दुनिया का सबसे 'डायनेमिक शहर' है बेंगलुरू, 30 सर्वाधिक गतिशील शहरों में 6 भारत से**

- दुनिया के 30 सर्वाधिक गतिशील स्थानों में बेंगलुरू को पहला स्थान मिला है.
- दुनिया के तेजी से बदलते शहरों की सूची में भारत, चीन और वियतनाम के साथ अमेरिका के कई शहर शामिल हैं.
- तेजी से बदलते शीर्ष 30 शहरों में एशिया प्रशांत देशों के आधे शहर शामिल हैं.
- सूची तैयार करते समय 134 शहरों का आकलन किया गया

**क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया के 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल हुए कपिल देव**

- भारत को पहला विश्व कप दिलाने वाले कप्तान और दुनिया के सर्वकालिक महान ऑलराउंडरों में से एक कपिल देव को क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया के 'हॉल ऑफ फेम' में जगह दी गई है।
- कपिल को पूर्व भारतीय कप्तानों अजित वाडेकर, सुनील गावसकर और नरी कांट्रैक्टर की मौजूदगी में इस क्लब में शामिल किया गया।
- टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज गावसकर को भी वाडेकर ने प्रशस्ति पत्र दिया। गावसकर को 11 जुलाई 2013 में ही क्लब के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जा चुका है।

**25 बहादुर बच्चे होंगे राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार से सम्मानित**

- इस साल गणतंत्र दिवस पर देशभर के 25 बच्चों को साल 2015 के राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

- इनमें से दो बहादुर बच्चों को ये सम्मान मरणोपरांत दिया गया. इन 25 बच्चों में से 3 लड़कियां और 22 लड़के हैं.
- इस बार सबसे ज्यादा वीरता पुरस्कार हासिल करने वाला राज्य केरल बना. इस राज्य के छह बच्चों को ये सम्मान मिला.
- महाराष्ट्र और उत्तर पूर्व के चार बच्चों के नाम ये पुरस्कार रहे. उत्तर पूर्व के राज्यों में मणिपुर से दो और मिजोरम व मेघालय से एक-एक बच्चों के गले में वीरता पुरस्कार के मेडल सजे.
- उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और गुजरात के दो-दो और उत्तराखंड, हरियाणा, ओडिशा से एक-एक बच्चे राष्ट्रीय वीरता पुरस्कारों की सूची में शुमार रहे.
- बहादुर बच्चों को राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार से सम्मानित करने का सिलसिला 1957 में शुरू हुआ.

BANK EXAMS Today

## आईआईएमसी में शुरू होगा उर्दू पत्रकारिता पाठ्यक्रम

- सरकार ने मंगलवार को यह घोषणा की।भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) उर्दू में पत्रकारिता पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है।
- सूचना एवं प्रसारण मंत्री एम. वेंकैया नायडू डेवलपमेंट जर्नलिज्म में 67वें डिप्लोमा कोर्स और उर्दू पत्रकारिता में पहले पीजी डिप्लोमा कोर्स की औपचारिक शुरुआत करेंगे।
- वह यहां शास्त्री भवन में आईआईएमसी के जर्नल 'कम्युनिकेटर' का विमोचन भी करेंगे।
- आईआईएमसी ने 25 सीटों के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 8 अगस्त, 2014 है.

## मनरेगा के तहत तैयार सभी परिसंपत्तियों को जियो-टैग करने वाला पहला जिला बना कांगड़ा

- हिमाचल प्रदेश का कांगड़ा, देश का ऐसा पहला जिला बन गया है जिसने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून :मनरेगा: के तहत तैयार सभी परिसंपत्तियों को जियो-टैग किया है ।
- मनरेगा के तहत तैयार की जाने वाली परिसंपत्तियों को जियो-टैग किए जाने से इंटरनेट पर उनका ब्योरा रखना सुनिश्चित किया जाता है
- मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने आज मिनी सचिवालय के कैबिनेट हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में इस उपलब्धि के लिए जिले के सभी ग्रामीण विकास अधिकारियों को सम्मानित किया ।

## भारत आधिकारिक रूप से सीईआरएन का एसोसिएट सदस्य बना

- भारत आधिकारिक रूप से यूरोपियन ऑर्गनाइज़ेशन फॉर न्यूक्लियर रिसर्च (सीईआरएन) का एसोसिएट सदस्य बन गया है।
- यह संस्था दुनिया की सबसे बड़ी न्यूक्लियर एंड पार्टिकल फिज़िक्स प्रयोगशाला समझी जाती है
- भारत को सदस्यता के लिए सालाना करीब 78 करोड़ खर्च करने होंगे।

## मणिपुर में करंग बना देश का पहला कैशलेस द्वीप

- केंद्र ने डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत मणिपुर में करंग को देश का पहला कैशलेस द्वीप घोषित किया है।

- करंग द्वीप देश के उत्तर-पूर्वी हिस्से में मौजूद ताज़े पानी की सबसे बड़ी झील लोकताक के मध्य में स्थित है
- यह घोषणा 9-12 जनवरी के बीच कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए चलाए गए अभियान के बाद की गई है।

**YES बैंक ने बचत खाते की ब्याज दर 6% की**

- YES बैंक ने बचत खाते की ब्याज दर 6% की, भारतीय रिजर्व बैंक ने बचत खातों में ब्याज दरों को नियंत्रण मुक्त किया
- किसी बैंक ने अभी बचत खाते पर ब्याज दर बढ़ाने का फ़ैसला नहीं लिया है,
- अगर जल्दी ही मुख्य बैंकों ने बचत खाते पर ब्याज दर बढ़ाने का फ़ैसला नहीं किया तो उनके पास से कारपोरेट सैलेरी के एकाऊँट तो जाने की संभावना ज्यादा है

**समावेशी विकास सूचकांक में भारत को मिला 60वां स्थान**

- समावेशी विकास सूचकांक में भारत को 60वें स्थान पर रखा गया है।
- यह सूचकांक 12 संकेतकों पर आधारित है। इसमें 79 विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में लिथुआनिया पहले स्थान पर है।
- अजरबाइजान व हंगरी दूसरे व तीसरे स्थान पर आए हैं।
- मंच की समावेशी वृद्धि एवं विकास रिपोर्ट 2017 सोमवार को जारी की गई।

**सक्षम-2017 में ऊर्जा-ईंधन के लिए लोगों को करेंगे जागरूक**

- पेट्रोलियमसंरक्षण अनुसंधान संगठन (पीसीआरए ) और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में एक माह तक चलने वाले सक्षम-2017 का शुभारंभ हुआ।
- सक्षम-2017 (संरक्षण क्षमता महोत्सव) का उद्देश्य ऊर्जा के किफायती उपकरणों के उपयोग एवं स्वच्छ ईंधनों की तरफ रुख करने के साथ-साथ पेट्रोलियम उत्पादकों का बेहतर इस्तेमाल संरक्षण की दिशा में आम लोगों में जागरूकता बढ़ाना है
- वाणिज्यिक वाहनों के चालकों एवं गृहिणियों, रसोइयों के लिए ईंधन बचाने से जुड़े सरल उपायों को अंगीकार करने से संबंधित कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।
- इसका उद्देश्य ईंधन सरंक्षण के लिए विभिन्न उपायों के बारे में शिक्षित करना है।

**62वां फिल्मफेयर पुरस्कार 2017: शत्रुघ्न सिन्हा को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार**

- शत्रुघ्न सिन्हा, जो फिल्म उद्योग में अपने 5 दशक पूरे करने के करीब हैं, को 62वें जियो फिल्मफेयर पुरस्कार 2017 में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया।
- यह पुरस्कार, जो सिन्हा का पहला फिल्म फेयर है, वह उन्हें उनकी पुत्री अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने दिया।

**सियाचिन के बहादुर सैनिक लांस नायक हनुमनथप्पा को मरणोपरांत सेना पदक से सम्मानित किया गया**

- अपने मोर्चे पर तैनाती के दौरान एक हिमस्खलन के बाद बर्फ के नीचे छह दिनों तक दबे रहने के बावजूद उन्हें मलबे से जीवित बाहर निकाला गया था।

- वह शून्य से 45 डिग्री नीचे तापमान में सियाचिन ग्लेशियर में छह दिनों तक मलबे के नीचे जीवित रहे थे।
- सियाचिन दुनिया की सबसे उंचाई पर स्थित लड़ाई का मैदान है।

**विराट कोहली ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा**

- भारतीय कप्तान विराट कोहली और केदार जाधव के शानदार शतकों की बदौलत भारत ने तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड को 3 विकेट से पटखनी देने में सफलता हासिल की।
- सफलतापूर्वक लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली का यह 15वां शतक है, जो किसी भी भारतीय द्वारा सर्वाधिक है। पूर्व भारतीय कप्तान सचिन तेंदुलकर को विराट कोहली ने पीछे छोड़ दिया।
- वन-डे क्रिकेट में यह दूसरा मौका है, जब किसी टीम ने 350 रन बनाए हों, और उसके किसी भी बल्लेबाज ने शतक नहीं बनाया हो।
- विराट कोहली का कप्तान के रूप में यह पांचवां एकदिवसीय शतक है।
- इस मैच में महेंद्र सिंह धोनी ने 6 गेंदें खेली।

**भारत, अमेरिका ने तीसरी दुनिया के देशों में सहयोग के लए समझौता पत्र पर किए हस्ताक्षर**

- भारत और अमेरिका ने तीसरी दुनिया के देशों में विकासात्मक गतिविधियों तथा सहायता के क्षेत्र में सहयोग करने के लिए एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये हैं।
- एमसीसी एक अमेरिकी एजेंसी है जो सतत आर्थिक विकास के माध्यम से गरीबी दूर करने लिए आर्थिक सहयोग देकर तीसरी दुनिया के देशों की मदद कर रह रही है।
- भारत और अमेरिका सेक्टर नीति सुधार, परियोजना और क्षेत्र प्रबंधन, परियोजना कार्यान्वयन और संबंधित सेक्टर में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की रणनीतियों के लिए तीसरी दुनियों को परामर्श और तकनीकी सहायता भी दे सकते हैं।

**सिम्बु-कितुर ने मुंबई मैराथन जीती**

- तंजानिया के एलफोंसे सिम्बु ने आज यहां स्टैंडर्ड चार्टर्ड मुंबई मैराथन में पुरूष स्पर्धा में जीत दर्ज की जबकि कीनिया की बोर्नेस कितुर ने महिला खिताब अपने नाम किया।
- बीजिंग में 2015 विश्व चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली सिम्बु ने दो घंटे, नौ मिनट और 32 सेकेंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक हासिल किया।
- कीनिया की जोशुआ किरकोरिर ने दो मिनट नौ मिनट और 50 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान प्राप्त किया।

**तमिलनाडु सरकार ने पर्यटन के लिए 'pinakin' मोबाइल एप लांच की**

- तमिलनाडु पर्यटन विभाग ने एक मोबाइल एप्लिकेशन 'pinakin' लॉन्च किया है।
- एप दो भाषाओं तमिल और अंग्रेजी में उपलब्ध है

**वाणिज्य मंत्रालय की सेज के लिए एप**

- वाणिज्य मंत्रालय ने विशेष आर्थिक क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी देने के लिए एक मोबाइल एप 'सेज इंडिया' शुरू की है।

- इस एप से सेज इकाइयों और डेवलपरों को आसानी से जानकारी मिलेगी

- सेज ऑनलाइन प्रणाली पर अपने लेनदेन पर भी वह निगाह रख सकेंगे।

## भारतीय सेना दिवस : 15 जनवरी

- भारत में हर वर्ष 15 जनवरी को लेफ्टिनेंट जनरल (बाद में फ़ील्ड मार्शल) के. एम. करियप्पा के भारतीय थल सेना के शीर्ष कमांडर का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- यह दिन सैन्य परेडों, सैन्य प्रदर्शनियों व अन्य आधिकारिक कार्यक्रमों के साथ नई दिल्ली व सभी सेना मुख्यालयों में मनाया जाता है।

- इस दिन उन सभी बहादुर सेनानियों को सलामी भी दी जाती है जिन्होंने कभी ना कभी अपने देश और लोगों की सलामती के लिये अपना सर्वोच्च न्योछावर कर दिया।

## 62वें फिल्मफेयर अवार्ड्स में फिल्म दंगल और नीरजा ने लहराया परचम

- 2016 के लिए दिए गए फिल्मफेयर अवॉर्ड में आमिर खान की 'दंगल' ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता है।

- उड़ता पंजाब और डियर जिंदगी के लिए आलिया भट्ट को बेहतरीन ऐक्ट्रेस के तौर पर दो नॉमिनेशन मिले थे

- नीरजा में नीरजा भनोत का किरदार निभाने वाली सोनम कपूर को बेस्ट ऐक्ट्रेस के लिए क्रिटिक्स अवॉर्ड दिया गया।

## रणजी ट्रॉफी फाइनल: ऐतिहासिक जीत के साथ पहली बार चैम्पियन बना गुजरात

- गुजरात रणजी टीम के कप्तान पार्थिव पटेल के विषम परिस्थितियों में बनाये गये शानदार शतक से गुजरात ने 41 बार की चैंपियन मुंबई को पांच विकेट से हराकर पहली बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीता.

- गुजरात के सामने जीत के लिए 312 रन का लक्ष्य था और उसने पार्थिव की 143 रन की बेजोड़ पारी के दम पर मैच के पांचवें और अंतिम दिन पांच विकेट पर 313 रन बनाकर राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया.

- गुजरात 66 साल पहले 1950-51 में फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब उसे होलकर ने इंदौर में ही खेले गये फाइनल में 189 रन से हरा दिया था

- पार्थिव तीनों खिताब जीतने वाले पहले कप्तान भी बन गये हैं.

## भारत की पहली सौर ऊर्जा से संचालित नाव 'आदित्य' केरल में शुरू

- केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पीयूष गोयल ने 12 जनवरी 2017 को, कोच्चि (केरल) की वेम्बनाड झील में भारत की पहली सौर ऊर्चा से संचालित नाव 'आदित्य' को हरी झंडी दिखाई।

- इस नाव की छत पर 78 सौर पैनल लगे हुए हैं और इसमें 75 लोगों के बैठने की जगह है।

- यह बिना शोर और मामूली कंपन (वाइब्रेशन) के साथ अधिकतम 14 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है।

**सरिता देवी बनीं भारत की पहली पेशेवर महिला मुक्केबाज़**

- भारतीय महिला मुक्केबाज सरिता देवी पहली भारतीय पेशेवर महिला मुक्केबाज़ बन गई हैं.
- पूर्व विशव चैंपियन लैशराम सरिता देवी ने पेशेवर बॉक्सिंग रिंग में उतरने का फैसला किया है।
- सरिता देवी 29 जनवरी को अपने गृह नगर इंफाल में होने वाली 'फाइट नाइट' में हंगरी की सोफिया बेदो के खिलाफ पेशेवर मुक्केबाजी में पदार्पण करेंगी।
- इस दिन सरिता देवी प्रोफेशनल बॉक्सिंग में कदम रखने वाली भारत की पहली मुक्केबाज़ बन जाएंगी।
- 73 साल के क्लो मोहम्मद अली कोचिंग टीम का हिस्सा रहे है।
- सरिता की मणिपुर में बॉक्सिंग अकादमी भी है।

**राजेश गोपीनाथन टीसीएस के प्रबंध निदेशक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त**

- देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने राजेश गोपीनाथन को अपना नया प्रबंध निदेशक और और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है
- वह एन. चंद्रशेखरन का स्थान लेंगे जिन्हें टाटा समूह की धारक कंपनी टाटा संस का चेयरमैन बनाया गया है।
- गोपीनाथन का कार्यकाल 21 फरवरी 2017 से शुरू होगा। भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद से प्रबंध में स्नातकोत्तर डिप्लोमा करने वो गोपीनाथ टीसीएस के साथ 2001 से जुड़े हैं।
- टीसीएस फाइनेंशियल सॉल्युशंस के अध्यक्ष एन. गणपति सुब्रहमण्यम को टीसीएस कंपनी का अध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी बनाया गया है। वह कंपनी के निदेशक मंडल में भी रहेंगे।

**युवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस**

- राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को सुबह 9.30 बजे शीतला मंदिर, बूढ़ासागर प्रांगण में कायस्थ समाज द्वारा कायस्थ कुल के महान विभूति स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई जाएगी।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर इस समारोह में मौजूद रहेंगे और केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे.
- विवेकानंद के विचारों का अक्सर पीएम मोदी भी अपने भाषणों में ज़िक्र करते देखे गए हैं. उन्होंने विवेकानंद को 'भारत के महान विचारकों और मार्गदर्शकों में से एक बताया है जिन्होंने भारत का संदेश दुनिया भर में पहुंचाया है.
- पीएम मोदी ने विवेकानंद को अपना प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा है कि वह उनके विचारों से काफी ज्यादा प्रभावित हैं.

**कांग्रेस नेता मनीष तिवारी वरिष्ठ फेलो के तौर पर अमेरिकी थिंकटैंक से जुड़े**

- कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी को अमेरिकी थिंक टैंक 'अटलांटिक काउंसिल' के वरिष्ठ फेलो के तौर पर नियुक्त किया गया है।

- कांग्रेस के प्रवक्ता मनीष तिवारी ने ट्वीट किया, " विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित थिंक टैंक अटलांटिक परिषद मुख्यालय वाशिंगटन डीसी में वरिष्ठ फेलो के तौर नियुक्त हुआ हूं।"

**भारत और केन्या के मध्य समझौता**

- 4 जनवरी, 2017 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि एवं उससे संबंधित क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने हेतु भारत व केन्या के मध्य एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने हेतु अपनी मंजूरी प्रदान की।
- स समझौते के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं जिनमें कृषि अनुसंधान, पशुपालन और डेयरी, बागवानी, जल प्रबंधन एवं मृदा संरक्षण आदि प्रमुख हैं।
- यह समझौता हस्ताक्षरित होने की तारीख से पांच वर्षों के लिए लागू होगा।

**आश्चर्य समारोह में स्वतंत्रता के राष्ट्रपति ओबामा पुरस्कार उपराष्ट्रपति जो बिडेन राष्ट्रपति पदक**

- एक शोकाकुल बिडेन भावना के साथ जीत के रूप में ओबामा पदक उसकी गर्दन के करीब तैनात है और दोनों नेताओं को गले लगा लिया गया
- बिडेन राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया और कैसे ओबामा में कदम रखा वित्तीय मदद जब अपने दिवंगत बेटे, बांका, मन कैंसर को रोकने की गई थी और बिडेन सिर्फ परिवार के घरों में उपचार के लिए बाहर खोल करने के लिए बेच विचार कर रहा था
- "पता करने के लिए जो बिडेन को पता है की कोई दिखावा नहीं, कोई आत्म सम्मान के साथ प्रदाता के साथ की सराहना करते हैं और अच्छी तरह से जीवन भर ध्यान केन्द्रित करना है

**दुनिया के सबसे बड़े एलईडी स्ट्रीट लाइट रिप्लेसमेंट परियोजना शुरू की**

- श्री पीयूष गोयल कल दुनिया के सबसे बड़े स्ट्रीट लाइट रिप्लेसमेंट कार्यक्रम को राष्ट्र को समर्पित करेंगे।
- दिल्ली नगर निगम क्षेत्र में दो लाख स्ट्रीट लाइट बदले गए है और जो Street Lighting खराब है, उनकी शिकायतों को दूर करने के लिए SLNP अनुप्रयोग शुरू किया जाएगा।
- अब तक पूरे देश में 15.36 लाख Street Lights, LED Bulbs द्वारा प्रतिस्थापित किए जा चुके हैं।
- इस योजना का मुख्य उदेश्य बिजली की बचत करना है।

**आईआईटी के छात्र को मिला 'टेक्निकल ऑस्कर'**

- आईआईटी खड़गपुर से कम्प्यूटर इंजीनियरिंग करने वाले भारतीय अमेरिकी पराग हवलदार ने देश का नाम रौशन किया
- पराग को यह पुरस्कार फेसियल परफार्मेंस कैप्चर तकनीक पर आधारित एक्सप्रेसन विकसित करने के लिए सम्मानित किया गया है।
- पराग को 11 फरवरी को सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह अवार्ड बेवर्ली हिल्स में दिया जाएगा।
- इन्होंने 1991 में कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में बीटेक किया फिर यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया से पीएचडी करने अमेरिका गए

**आयकर विभाग के नया नियम, अप्रैल से देनी होगी हर बड़े लेन-देन की जानकारी**

- कैश डिपॉजिट, शेयर-म्यूचुअल फंड खरीदना, इमूवेबल प्रॉपर्टी की परचेज, फिक्स डिपॉजिट्स और फॉरेन करेंसी के लेन-देन जैसे बड़े ट्रांजैक्शंस की इन्फॉर्मेशन अब आपको या आपके वकील को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट तक पहुंचानी हाेगी।
- तय लिमिट से ज्यादा पैसे अगर आप बैंक, कंपनी या वकील-सीए जैसे किसी प्रोफेशनल को देते हैं, तो उन्हें इसकी इन्फॉर्मेशन आईटी डिपार्टमेंट को देनी होगी। इसके लिए नया फॉर्मेट, फॉर्म 61ए लागू किया गया है।
- 30 लाख रुपए से ज्यादा की सेल-परचेज की जानकारी रजिस्ट्रार ऑफिस को देनी होगी।
- खाते में साल में 10 लाख रुपए या ज्यादा कैश जमा होते हैं, तो बैंक यह जानकारी आईटी डिपार्टमेंट तक पहुंचाएगा।
- एक साल में किसी व्यक्ति के करंट अकाउंट में 50 लाख रुपए या ज्यादा की जमा या विड्रॉअल की सूचना बैंक आईटी डिपार्टमेंट को देगा।

**एयर इंडिया को मिला दुनिया की तीसरी सबसे बदतर एयरलाइंस सर्विस का खिताब**

- भारतीय विमानन कंपनी एयर इंडिया दुनिया को तीसरी सबसे खराब एयरलाइंस का खिताब दिया गया है।
- सबसे बेहतरीन एयरलाइंस नीदरलैंड की केएलएम एयरलाइंस चुनी गई है।
- एयरलाइंस की सूची जारी करने से पहले तकरीबन 500 माध्यमों से आंकड़े इकट्ठा किए गए
- एशिया प्रशांत में समय पर चलने वाली 10 विमानन कंपनियों में घरेलू एयरलाइंस जेट एयरवेज और इंडिगो शामिल हैं।

**एचडीएफसी बैंक की शाखा में जल्द ही एक 'मानव जैसा' रोबोट होगा**

- निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने आज एक ऐसा रोबोट पेश किया है जो बिलकुल मानव जैसा ह्यूमनॉइड है
- बैंक ग्रामीण परिचालनों के लिए तकनीकी समाधान पेश करने के लिए स्टार्टअपों के साथ साझेदारी करने पर काम कर रहा है।
- इस रोबोट को उसने कोच्चि की एसीमोव रोबोटिक्स के साथ मिलकर विकसित किया है और इसे एक पखवाड़े के भीतर शहर की एक शाखा में तैनात किया जाएगा।

**अमेरिका दूतावास ने अमिताभ बच्चन को किया सम्मानित**

- भारत में अमेरिका के राजदूत रिचर्ड आर वर्मा ने इस नेक काम के लिए ब्रांड एम्बेसडर बच्चन को रविवार को सम्मानित किया।
- बच्चन इस कार्यक्रम के लिए ब्रांड एम्बेसडर हैं।
- बच्चन ने वर्मा के साथ इस बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए दोनों देशों के बीच सहयोग पर चर्चा करने के लिए सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक चर्चा की।
- अमरीका भारत सरकार के साथ टीबी के क्षेत्र में पिछले 20 वर्ष से काम कर रहा है।

**ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट में फेरबदल, कल्याण कृष्णमूर्ति बने सीईओ**

- कंपनी में सबसे बड़ी शेयर होल्डर कंपनी टाइगर ग्लोबल के पूर्व एक्जिक्यूटिव कल्याण कृष्णमूर्ति को फ्लिपकार्ट का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बनाया गया है.
- 2016 जनवरी में सचिन बंसल की जगह बिन्नी बंसल को कंपनी का सीईओ बनाया गया था.
- सह-संस्थापक सचिन बंसल कार्यकारी चेयरमैन पद पर बने रहेंगे.

**प्रधान मंतरी श्री नरेंद्र मोदी ने की कौशल योजना की शुरूआत**

- इस मुहीम का शुभारंभ 15 जुलाई सन 2015 को अन्तर्राष्ट्रीय युवा कौशल दिवस पर किया गया
- इस मुहीम के तहत सन 2022 तक भारत के लगभग 40 करोड़ लोगों को अलग – अलग कौशल में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है जिससे उन्हें रोजगार की प्राप्ति हो सके.
- इस योजना का मुख्य उद्देश्य भारतीय युवाओं के कौशल के विकास के लिए अवसर, स्थान और स्कोप बनाना
- इस योजना के अंदर चार अन्य योजनाएँ जैसे "राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन", "कौशल विकास एवं इंटरप्रेंयूर्शिप के लिए राष्ट्रीय नीति", "प्रधानमन्त्री कौशल विकास योजना" एवं "स्किल लोन स्कीम" हैं.

**सानिया-सैंड्स ने जीता ब्रिस्बेन ओपन का युगल खिताब**

- सानिया ने अमेरिका की अपनी जोड़ी बेथानी माटेक सैंड्स के साथ फाइनल मुकाबले में एकातेरिना मकारोवा और एलीना वेस्निना की रूसी जोड़ी को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से आसन मात देकर सत्र का पहला खिताब अपने नाम किया।
- सानिया पिछले वर्ष भी यह खिताब जीतने में सफल रही थीं, हालांकि पिछले वर्ष उन्होंने यह खिताब अपनी सबसे सफल जोड़ीदार स्विट्ज़रलैंड की मार्टिना हिंगिस के साथ जीता था।
- इस जीत के बावजूद हालांकि डब्ल्यूटीए रैंकिंग में दुनिया की नंबर 1 युगल खिलाड़ी के रूप में सानिया का 91 हफ्ते लंबा क्रम टूट गया।
- बयान में सानिया ने कहा, मुझे ऐसा महसूस हो रहा है, जैसे मैं मिस वल्र्ड नंबर-1 का ताज किसी और को सौंप रही हूं।

**ईपीएफओ  सदस्यों-पेंशनरों के लिए आधार कार्ड हुआ अनिवार्य**

- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने 50 लाख पेंशनभोगियों और करीब 4 करोड़ अंशधारकों के लिए इस महीने यानी जनवरी के आखिर तक आधार संख्या उपलब्ध कराना अनिवार्य कर दिया है.
- ईपीएफओ ने 'माफी योजना' चालू की है जिसके तहत फर्में एक रुपये के जुर्माने के साथ कर्मचारियों के नाम ईपीएफओ में रजिस्टर करवा सकेंगी.
- वो सदस्य और पेंशनर जिन्होंने अभी तक खुद को आधार नंबर के लिए एनरोल्ड नहीं कराया है, उन्हें हर हाल में 31 जनवरी 2017 से पहले अपने नजदीकी एनरोलमेंट सेंटर जाकर खुद को एनरोल्ड करवाना होगा।

**वेलावन सेंथिलकुमार ने जीता ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वॉश-2017 का खिताब**

- सेंथिलकुमार ने अंडर-19 वर्ग के फाइनल मुकाबले में हमवतन अभय सिंह को हराकर पहली बार ट्रॉफी पर कब्ज़ा किया.
- यह मुकाबला 59 मिनट्स तक चला.
- इससे पहले सेंथिलकुमार ने सेमीफाइनल में यूसेफ इब्राहिम को शिकस्त देकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया था.
- दूसरी ओर अभय ने सेमीफाइनल में भारत के ही आदित्य राघवन को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी.
- इस जीत के साथ ही सेंथिलकुमार सौरव घोषाल के बाद यह खिताब जीतने वाले भारत के मात्र दूसरे खिलाड़ी हैं.
- घोषाल ने यह खिताब 2004 में जीता था.

**क्वांटास नामित दुनिया का सबसे सुरक्षित एयरलाइन 4 साल से चल रहा है**

- क्वांटास एयरवेज के स्वामित्व में पहला विमान, दो यात्रियों और एक पायलट को ले सकता है
- कंपनी के विमान के सभी का सबसे अच्छा सुरक्षा व्यवस्था समय-समय पर निरीक्षण कर रहे हैं
- पूरे विमान दुर्घटनाओं से भी कम समय के लिए खाते में जो सबसे सुरक्षित आधुनिक एयरलाइन, माना जाता है।

**मनरेगा के तहत काम के लिए आधार अप्रैल से होगा अनिवार्य**

- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत काम हासिल करने के लिए अब आधार कार्ड का होना जरूरी है।

- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत काम हासिल करने के लिए अब आधार कार्ड का होना जरूरी है।

- मंत्रिमंडल सचिवालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि योजना के तहत जो लोग पंजीकरण कराते हैं, उन्हें आधार की प्रति देनी होगी या उन्हें 31 मार्च 2017 तक पंजीकरण प्रक्रिया से गुजरना होगा।

**विराट कोहली को भारतीय वनडे, टी 20 टीमों के कप्तान बनाया**

- महेंद्र सिंह धोनी ने बुधवार को टी-20 और वनडे टीम की कप्तानी छोड़ दी थी.
- विराट कोहली के हाथों में अब टीम इंडिया की बागडोर पूरी तरह से आ गई है.
- विराट कोहली कप्तानी मिलने के बाद भी महेंद्र सिंह धोनी के उनके करियर में योगदान को नहीं भूले हैं और ट्वीट के बाद अब एक इंटरव्यू में भी एमएस धोनी की जमकर प्रशंसा की है.
- सुरेश रैना टी 20 टीम में शामिल किया गया है, लेकिन वनडे से बाहर रखा गया है।

**मिशेल ओबामा शिक्षा अभियान के लिए भारत-अमेरिकी का चयन**

- अमेरिका की फर्स्ट लेडी मिशेल ओबामा ने एक शिक्षा अभियान के छात्र सलाहकार बोर्ड के लिए भारतीय मूल की 16 वर्षीय अमेरिकी लड़की श्वेता प्रभाकरण को चुना है
- कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में युवाओं को शिक्षित करने के श्वेता के प्रयासों को देखते हुये उसे 'बेटर मेक

रूम' अभियान के छात्र सलाहकार बोर्ड के लिए चुना गया है.

- श्वेता युवाओं की अगली पीढ़ी को इंजीनियर, वैज्ञानिक, और उद्यमी बनने के लिए सशक्त करने वाली एक गैर-लाभ संस्था 'एवरीबॉडी कोड नाउ' की संस्थापक और सीईओ भी हैं.

### सर टिम बैरो ब्रिटेन के यूरोपीय संघ के राजदूत के रूप में नियुक्त

- ब्रिटेन सरकार ने वरिष्ठ राजनयिक टिम बैरो को यूरोपीय संघ (ईयू) में ब्रिटेन का नया राजदूत नियुक्त किया है।
- समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब इससे एक दिन पहले ही ईयू में ब्रिटेन के राजदूत ने पद से इस्तीफा दे दिया था।
- वह प्रतिनिधि के रूप में, और 2006-2008 तक यूक्रेन के लिए ब्रिटिश राजदूत के रूप में कार्य किया है.

### विश्व पुस्तक मेला 7 जनवरी से दिल्ली में शुरू होगा

- विश्व पुस्तक मेला इस बार 7 जनवरी 2017 से 15 जनवरी 2017 तक दिल्ली के प्रगति मैदान में होगा.
- इस बार पूरे भारत भर से लगभग 1500 प्रतिभागियों के आने की संभावना है. और महिलाओं द्वारा लेखन पर ध्यान दिया जाएगा।
- मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय द्वारा बनाए गये स्वायत संस्था 'राष्ट्रीय पुस्तक ट्रस्ट' इस मेले का आयोजन करती है.

### नॉर्वे एफएम रेडियो बंद करने के लिए दुनिया पहला देश बना

- नॉर्वे दुनिया का पहला देश बन गया है जिसने अपने यहां एफएम रेडियो का प्रसारण बंद कर दिया है
- वह एफएम की बजाय डिजिटल ऑडियो ब्रॉडकास्टिंग (डैब) तकनीक को अपनाने जा रहा है।
- एफएम चैनल से रेडियो प्रसारण की तुलना में डिजिटल रेडियो पर ये काम आठ गुना सस्ता होगा
- जिससे नॉर्वे में हर साल करीब एक करोड़ 70 लाख पाउंड की बचत होगी.

### भारत महोत्सव' कंबोडिया में आयोजित किया जाएगा

- \'भारत महोत्सव' 10 जनवरी से लेकर 16 फरवरी, 2017 तक कंबोडिया में आयोजित किया जाएगा।
- महोत्सव के दौरान आयोजित किए जाने वाले विशेष कार्यकमों में 'रामायण' पर नाटक का मंचन, राजस्थानी लोक संगीत और नृत्य समूह (नृत्य समूह के साथ-साथ मांगनियार समूह), शास्त्रीय नृत्य शामिल हैं।
- इस दौरान भगवान बुद्ध के जीवन, शिक्षाओं और उनसे जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं को दर्शाने के लिए एक बौद्ध महोत्सव भी आयोजित किया जाएगा, जो 'धम्म दर्शन' के शीर्षक वाली एक प्रदर्शनी है। इसके साथ ही इस दौरान भारत में बौद्ध धार्मिक/धरोहर स्थलों पर फोटो प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

### चेन्नई, अहमदाबाद और वाराणसी को स्मार्ट सिटी बनाने में सहायता करेगा जापान

- जापान ने स्मार्ट सिटी के रूप में चेन्नई, अहमदाबाद और वाराणसी के विकास कार्यों से जुड़ने का निर्णय लिया है।

- इस आशय की जानकारी भारत में जापान के राजदूत केंजी हीरामत्सु ने शहरी विकास मंत्री एम. वेंकैया नायडू के साथ अपनी बैठक के दौरान दी।
- हीरामत्सु ने यह भी कहा कि जापान भारत सरकार के शहरी विकास से जुड़े कदमों में काफी दिलचस्पी रखता है और उसने इसमें एक भागीदार बनने का फैसला किया है।
- ब्रिटेन के उच्चायुक्त श्री डोमिनिक एसक्विथ ने भी वेंकैया नायडू से मुलाकात की और उन्होंने ब्रिटेन की प्रधानमंत्री थेरेसा मे की हालिया भारत यात्रा के दौरान शहरी विकास के क्षेत्र में सहयोग पर दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित सहमति-पत्र (एमओयू) को मूर्त रूप देने के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया।

**असम बायोटेक कॉन्क्लेव गुवाहाटी में शुरु**

- दो दिवसीय असम बायोटेक कॉन्क्लेव गुवाहाटी में 5 जनवरी को शुरू हो गया है।
- मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री केशव महंत की उपस्थिति में सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- कॉन्क्लेव उद्योग मंडल फाईनर के सहयोग से गुवाहाटी बायोटेक पार्क की ओर से आयोजित किया जा रहा है।

**एसबीआई डिजिटल ओनली बैंक शुरु करेगा**

- देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने शाखा रहित बैंकिंग की और कदम बढाते हुए एसबीआई डिजी बैंक शुरू करने का फैसला किया है।
- डिजी बैंक एक वित्तीय सुपरस्टोर, एक मार्केटप्लेस और सभी उत्पादों और सेवाओं के लिए एंड टू एंड डिजिटलीकरण होगा।
- डिजिटल ओनली बैंक आधार के बुनियादी ढांचे का उपयोग करेगा और ग्राहकों को ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध करायेगा।

**कर्नाटक बैंक ने केबीएल सुरक्षा अभियान शुरु किया**

- निजी क्षेत्र के कर्नाटक बैंक ने महिने भर चलने वाला केबीएल सुरक्षा अभियान शुरु किया है।
- यह 31 जनवरी तक चलेगा।
- केबीएल सुरक्षा एक अद्‌वितीय समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना है जिसे बैंक द्‌वारा यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के सहयोग से अपने बचत बैंक खाता धारकों के लिए शुरु किया गया है।
- यह योजना सभी प्रकार की दुर्घटना में मृत्यु पर कवरेज प्रदान करती है।

**संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2017 को 'विकास हेतु सतत् पर्यटन' वर्ष घोषित किया**

- संयुक्त राष्ट्र संघ द्‌वारा वर्ष 2017 को 'विकास हेतु सतत् पर्यटन' के लिए अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित किया गया है क्योंकि पर्यटन लोगों के बीच बेहतर समझ को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण है।
- पर्यटन से विभिन्न देशों में अंतर्निहित मूल्यों को प्रोत्साहन तथा विभिन्न सभ्यताओं के समृद्ध धरोहरों के प्रति जागरूकता में वृद्धि होती है।

- संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सतत् पर्यटन का समग्र प्रभाव विश्व शांति की स्थापना के रूप में होगा।

**फिनलैंड बेरोजगारों को निश्चित मासिक वेतन देने वाला पहला देश**

- फिनलैंड में गरीबी कम करने और रोजगार को बढ़ावा देने के मकसद से सरकार ने प्रायोगिक तौर पर बेरोजगारों को एक निश्चित मासिक वेतन देने की पहल की है । फिनलैंड पहला ऐसा देश बन गया है।
- 1 जनवरी से शुरु हुई इस योजना के लिए 23 से 58 आयुवर्ग के 2000 हजार बेरोजगारों को चुना गया है। वह अपने बेरोजगार नागरिकों को प्रत्येक माह €560 देगा।
- अगर उन्हें नौकरी मिल जाती है तो भी सरकार की तरफ से बेरोजगारी भत्ता मिलना जारी रहेगा।

**श्रीपद नाईक ने मधुमेह के लिए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया**

- आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीपद येस्सो नाईक ने नई दिल्ली में 'मधुमेह के लिए योग' पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया।
- अपने उद्घाटन संबोधन में मंत्री महोदय ने जानकारी दी कि संस्कृति के लिए विश्व की सर्वोच्च संस्था यूनेस्को ने हाल ही में योग को अपनी अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की सूची में शामिल किया है।
- इस सम्मेलन का उद्देश्य योग के माध्यम से मधुमेह के नियंत्रण के लिए अपनाए गए माध्यम और मधुमेह की रोकथाम तथा प्रबंधन में योग की भूमिका पर विचार-विमर्श करना है।

**पुलिस के लिए आईपीआर प्रवर्तन टूलकिट का शुभारंभ**

- वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने आज पुलिस के लिए आईपीआर प्रवर्तन टूलकिट का शुभारंभ किया।
- इस टूलकिट को संयुक्त रूप से आईपीआर संवर्धन और प्रबंधन प्रकोष्ठ (सीआईपीएएम) तथा भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) द्वारा तैयार किया गया है।
- यह टूलकिट देश भर के पुलिस अधिकारियों के लिए खासतौर पर ट्रेडमार्क जालसाजी और कॉपीराइट चोरी जैसे आईपी अपराधों से निपटने में प्रभावी साधन सिद्ध होगी।

**ईपीएफओ ने अधिक कर्मचारियों को पंजीकृत करने के लिये अभियान शुरु किया**

- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) संस्था 1 जनवरी से तीन महीने का एक कैंपेन चलाने जा रही है, जिसके अंतर्गत वो कंपनियां/ फर्म 1 रुपए का जुर्माना देकर अपने कर्मचारियों को एनरोल्ड करा पाएंगी जिन्होंने अब ऐसा नहीं किया था।
- ईपीएफओ के इस कैंपेन को 'नामांकन और स्थापना कवरेज कैंपेन 2017' नाम दिया गया है। इसके तहत संगठन शेयरधारक, नियोक्ता और कर्मचारी संगठनों और राज्यों के साथ बैठक आयोजित करेगी।

**ऋण की त्वरित मंजूरी के लिए ड्रूम ने एक्सिस बैंक के साथ भागीदारी की**

- ऑनलाइन ऑटोमोबाइल कंपनी ड्रूम ने नई व इस्तेमाल की गई कारों पर ऋण को त्वरित स्वीकृति

प्रदान करने के लिए निजी क्षेत्र की भारत की तीसरी सबसे बड़ी बैंक एक्सिस बैंक के साथ करार किया।

- कार की कीमत के 85% तक का ऋण 1-5 साल की अवधि के लिये प्रदान किया जाएगा।
- इसके अलावा, पुरानी कारों पर ऋण के लिये लोन की अवधि के अंत में कार की आयु 10 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।

## मोदी ने भारतीय विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन किया

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तिरुपति में वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के श्रीनिवास ऑडिटोरियम में प्रतिष्ठित भारतीय विज्ञान कांग्रेस के 104वें सत्र उद्घाटन किया।
- इस वीं विज्ञान कांग्रेस का विषय "राष्ट्र के विकास में विज्ञान और तकनीक" है।
- मोदी ने कहा कि वर्ष 2030 तक भारत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शीर्ष तीन देशों में शामिल होगा।

## आन्ध्र प्रदेश में शुरू हुई आरोग्य रक्षा योजना

- आरोग्य रक्षा योजना आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने शुरु की है, इस योजना के जरिये गरीबी रेखा में आने वाले लोगो को, जो किसी योजना के अंतर्गत नहीं आते हैं, उचित चिकित्सा उपचार प्रदान करवाना है।
- आरोग्य रक्षा के लाभों का फायदा उठाने के लिए, सभी को `100 प्रति माह प्रति व्यक्ति भुगतान करना है।

## हज आवेदन प्रक्रिया के लिये मोबाइल एप शुरू

- हज आवेदन प्रक्रिया को पहली बार डिजिटल बनाते हुए केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने आज यहां एक मोबाइल एप्लीकेशन शुरू किया।
- यह हज यात्रा के बारे में लोगों को जरूरी सूचनाएं उपलब्ध कराएगा।
- लोग हज के लिए आवेदन कर सकते हैं, प्रासंगिक सूचना, समाचार और अपडेट खोज सकते है और एप्लिकेशन के माध्यम से ई-भुगतान कर सकते हैं।

## आंध्र प्रदेश का मोरी बना स्मार्ट डिजिटल ग्राम

- आंध्र प्रदेश में पूर्वी गोदावरी जिले के साखीनेतीपल्ली मंडल के तहत आने वाले छोटे से गांव मोरी ने पूरी तरह स्मार्ट डिजिटल गांव के रूप में भारत के डिजिटल नक्शे में जगह पक्की कर ली है।
- मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू द्वारा एपी फाइबरनेट परियोजना शुरू करने के साथ गांव के सभी 1189 घर पूरी तरह डिजिटल कनेक्शन वाले हो गये हैं। इस परियोजना में 149 रुपये प्रति महीने में 15 एमबीपीएस की रफ्तार से इंटरनेट, वाई-फाई, एक टेलीफोन कनेक्शन और 250 केबल टीवी चैनल की सुविधा मिलेगी।
- गांव वालों को 99 रुपये प्रति महीने की किस्त पर 4000 रुपये का सेट टॉप बॉक्स दिया जा रहा है।

## देश के पहले लेजर टेक्नोलॉजी आधारित एवीएमएस. आरटीओ का गुजरात मेंलोकार्पण

- गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने राज्य में सर्वप्रथम लेजर टेक्नोलॉजी आधारित एवीएमएस. आरटीओ का गुजरात के अरवल्ली जिले के शामलाजी में लोकार्पण किया।

- करीब 4 करोड़ 72 लाख के खर्च से इस चेक पोस्ट को आधुनिकतम बनाया गया।

## अग्नि – IV का सफल उड़ान परीक्षण किया गया

- अग्नि – IV, 4000 किलोमीटर रेंज वाली लांग रेंज सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है। इसका सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया गया। इस हथियार प्रणाली की एक बार फिर विश्वसनीयता और निपुणता सिद्ध हुई है।
- इस मिसाइल का 12:00 बजे डॉ. अब्दुल कलाम द्वीप समूह ओडिशा से परीक्षण किया गया।

## चीन में खुला दुनिया का सबसे ऊंचा ब्रिज

- चीन में गुरुवार को विश्व का सबसे ऊंचा पुल वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया। साउथ-वेस्ट चीन के पहाड़ों में दो प्रांत को जोड़ने वाले पुल के कारण 4 घंटे की यात्रा का समय घटकर 1 घंटे का हो जाएगा।
- इस ब्रिज का नाम बीपांजियांग है। चीन के युन्नान व गुइझू प्रांत को जोड़ने वाला यह पुल नदी पर घाटी से 565 मीटर (1854 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है।

## सुप्रीम कोर्ट ने बीसीसीआई अध्यक्ष अनुराग ठाकुर व शिर्के को पद से हटाया

- सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में बीसीसीआई अध्यक्ष अनुराग ठाकुर को उनके पद से हटाने का फैसला दिया है। कोर्ट ने सचिव अजय शिर्के को भी उनके पद से हटा दिया है।
- कोर्ट ने अनुराग ठाकुर व शिर्के पर अवमानना का मामला चलाने का नोटिस भी दिया है।
- प्रशासकों का एक बोर्ड जल्द ही बीसीसीआई का प्रभार लेने के लिए चुना जाएगा।
- कोर्ट ने ऐडमिस्ट्रेटर्स के नाम सुझाने के लिए वरिष्ठ वकील फली नरीमन और गोपाल सुब्रह्मणयम की दो सदस्यीय समिति का भी गठन किया है।

## मदर डेयरी बूथ पर आधार से भुगतान प्रणाली की शुरूआत

- नकदरहित लेनदेन को बढ़ावा देने के प्रयास में मदर डेयरी फ्रूट एंड वेजीटेबल प्रा. लिमिटेड ने अपने 1000 से अधिक दूध एवं सफल बूथों में आधार आधारित भुगतान प्रणाली की शुरुआत की।
- अब से यह सेवा भुगतान के मौजूदा तरीकों जैसे ई-वॉलेट और स्मार्ट चेंज कार्ड के साथ उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध होगी।
- इस सेवा का संचालन भारत सरकार के विद्युत एवं सूचना प्रोद्यौगिकी विभाग के तत्वावधान में सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड के सहयोग से किया जाएगा।

## प्रवासी भारतीय तीस जून तक जमा करा सकेंगे पुराने नोट

- आरबीआई ने चलन से बाहर किए गए पांच सौ और हजार के नोटों को बदलने के लिए प्रवासी भारतीयों को 30 जून तक का समय दिया है।
- मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता और नागपुर में भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यालयों में यहाँ सुविधा उपलब्ध रहेगी।
- आरबीआई ने कहा कि भारतीय नागरिक जो 9 नवंबर से 30 दिसंबर तक विदेश में थे, वे इस सुविधा का लाभ 31 मार्च 2017 तक उठा सकते हैं और प्रवासी भारतीय जो इस अवधि के दौरान विदेश में थे, वे

चलन से बाहर हुए अपने नोट 30 जून 2017 तक बदल सकते हैं।

**प्रो. डेविड आर. सिम्लिह यूपीएससी अध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे**

- राष्ट्रपति ने संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रो डेविड आर. सिम्लिह को 4 जनवरी 2017 से अगले आदेश तक या सदस्य के रूप में उनके कार्यकाल 21 जनवरी 2018 जो भी पहले हो तक संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है।
- इस नियुक्ति से पहले सिम्लिह 25 जून 2012 से संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में कार्य कर रहे थे।

**भारत 1 जनवरी, 2017 से नेपाल को अतिरिक्त 80 मेगावाट की आपूर्ति करेगा**

- 1 जनवरी, 2017 से भारत नेपाल को 80 मेगावाट की अतिरिक्त बिजली का हस्तांतरण करेगा। इस के साथ, भारत से नेपाल को बिजली की कुल आपूर्ति 400 मेगावाट हो जाएगी।
- हाल ही में नेपाल के ऊर्जा मंत्री श्री जनार्दन शर्मा ने अपनी भारत यात्रा के दौरान केंद्रीय विद्युत, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा और खान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पीयूष गोयल के साथ विचार-विमर्श किया।

**'स्वच्छ स्वस्थ सर्वत्र' का शुभारंभ**

- पेयजल एवं स्वच्छता और मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सहयोग से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने नई दिल्ली में में एक समारोह में 'स्वच्छ स्वस्थ सर्वत्र' का शुभारंभ किया।
- इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय की संयुक्त पहल 'स्वस्थ बच्चे स्वस्थ भारत' का भी शुभारंभ किया गया।
- स्वच्छ स्वस्थ सर्वत्र का उद्देश्य देशभर के खुले में शौच मुक्त 700 खंडों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूती प्रदान करना है

**सरकार ने डीम्ड आईओए की मान्यता निलंबित की**

- सरकार ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को दी गई मान्यता को निलंबित कर दिया है। यह मान्यता तब तक निलंबित रहेगी जबतक आईओए आजीवन अध्यक्ष के रूप में सुरेश कलमाडी और अभय चौटाला की नियुक्ति का निर्णय बदलता नहीं है।
- निलंबन के बाद, राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (एनओसी) के रूप में आईओए के विशेषाधिकार समाप्त हो जाएंगे।

**हरियाणा आंध्र प्रदेश के बीच नागरिक डेटाबेस के लिये समझौता**

- हरियाणा व आंध्र प्रदेश के बीच दोनों राज्यों के मध्य अधिकारिक स्तर पर नागरिक डाटाबेस साझा सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हुए। सरकार के वर्तमान कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा भविष्य में अच्छी योजनाओं के निर्माण में सहायता मिलेगी।
- हरियाणा की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रधान सचिव देवेंद्र सिंह तथा आंध्र प्रदेश की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव विजयन ने एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए।

- आंध्र पहले के पास पहले से ही इस तरह का एक डेटाबेस है।

**नीतीश सरकार ने न्यायिक सेवा में 50 फीसदी आरक्षण को अनुमति दी**

- बिहार सरकार ने राज्य सरकार ने न्यायिक सेवाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लिया है। पिछड़ा, अति पिछड़ा, अनुसूचित जाति व जनजाति को यह आरक्षण मिलेगा।
- यह आरक्षण न्यायिक सेवा में सीनियर और जूनियर डिविजन दोनों में बराबर रूप से मिलेगा।
- राज्य सरकार के इस फैसले के बाद न्यायिक सेवा में अति पिछड़ा वर्ग को 21 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग को 12 प्रतिशत, अनुसूचित जाति को 16 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति को 1 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

BANK EXAMS Today

**विश्व भोजपुरी सम्मेलन वाराणसी में शुरु**

- 29 दिसम्बर से एक जनवरी तक विश्व भोजपुरी सम्मेलन का आयोजन वाराणसी में किया जा रहा है. दुनिया के 18 देशों में रह रहे भोजपुरी भाषी इसमें शिरकत करेंगे.
- सम्मेलन में मॉरीशस के प्रधानमंत्री अनिरुद्ध जगन्नाथ, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, झारखंड के मुख्यमंत्री रघुवर दास, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, सदी के महानायक अमिताभ बच्चन, यूपी के सीएम अखिलेश यादव, भोजपुरी स्टार सांसद मनोज तिवारी, शत्रुघ्न सिन्हा समेत 25 लोगों को भोजपुरी रत्न और विश्व भोजपुरी कर्मयोगी सम्मान दिया जाएगा।